Name
Ravi - 11118

# वार्षिक परीक्षा

MJ

## सामान्य हिन्दी
## कक्षा–11

Time: 3 hrs. 15 Minutes M.M.:100

### खण्ड 'क'

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

I 1. 'प्रजा हितैषी' समाचार–पत्र का सम्पादन किया– 1
(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने (ब) राजा लक्ष्मण सिंह ने
(ग) स०ही०वा० 'अज्ञेय' ने (घ) शिवप्रसाद सितारेहिन्द ने

2. भारतेन्दु युग के लेखक हैं– 1
(अ) राहुल सांकृत्यायन (ब) प्रतापनारायण मिश्र
(ग) वासुदेवशरण अग्रवाल (घ) जैनेन्द्र कुमार

3. द्विवेदी युग के निबन्धकार हैं– 1
(अ) बालकृष्ण भट्ट (ख) महादेवी वर्मा
(ग) रामवृक्ष बेनीपुरी (घ) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

4. 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है? हिन्दी गद्य की विधा है– 1
(अ) उपन्यास (ब) निबन्ध
(स) आलोचना (घ) नाटक

5. कहानी–कला की दृष्टि से हिन्दी की प्रथम आधुनिक कहानी है– 1
(अ) मुंशी इंशा अल्ला खाँ की 'रानी केतकी की कहानी'
(ब) किशोरीलाल गोस्वामी का 'इन्दुमती'
(ग) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की 'ग्यारह वर्ष का समय'
(घ) किशोरीलाल गोस्वामी की 'गुलबहार'

II. 6. 'आदिकाल का नाम अपभ्रंश काल दिया है– 1
(अ) मिश्र बन्धु ने (ब) राहुल सांकृत्यायन ने
(स) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने (द) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' ने

7. भिखरीदास कवि हैं– 1
(अ) रीतिकाल के (ब) भक्तिकाल के
(स) आधुनिक काल के (द) आदिकाल के

8. 'बिहारी सतसई' की भाषा है– 1
(अ) अवधी (ब) खड़ीबोली (स) ब्रजभाषा (द) मैथिली

9. 'साहित्य लहरी' के रचियता हैं– 1
(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) कबीरदास (द) केशवदास

10. वीरगाथाकाल की विशेषता है– 1
(अ) नारी का रूप–सौन्दर्य चित्रण (ब) प्रकृति–चित्रण
(स) युद्धों का सजीव चित्रण (द) मुक्तक काव्य–रचना

III. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों के प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए– 1+1=2

11. 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' का सही अर्थ है–
(अ) मूर्खतापूर्ण कार्य करना (ब) कठिन परिश्रम करना

PDF Hindustanknowledge.com



P.T.O.

(स) पुरानी बातों को याद दिलाना (द) धोखा देना

12. 'जाके पाँव न फटे बिवाई सो क्या जाने पीर पराई' का अर्थ है –
(अ) दयालु होना (ब) कठोर होना
(स) दूसरे के कष्ट का अनुभव न करना
(द) जिसके ऊपर बीतती है वही जानता है

IV. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि–विच्छेद के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए–

13. 'मध्वरिः' का सन्धि–विच्छेद है– 1
(अ) मध् + वरिः (ब) मधु + अरिः
(स) म + ध्वरिः (द) मध्व + रिः

14. 'पवनम्' का सन्धि–विच्छेद है– 1
(अ) पव + नम् (ब) पव् + अनम्
(स) पो + अनम् (द) प + वनम्

15. 'विद्यालयः' का सन्धि विच्छेद है – 1
(अ) विद्य + आलयः (ब) विद्य + अलयः
(स) विद्याः + अलय (द) विद्य + आलयः

16. 'नाम्नाम्' शब्द की 'विभक्ति' और 'वचन' का सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1
(अ) चतुर्थी, एकवचन (ब) तृतीया, द्विवचन
(स) प्रथमा, बहुवचन (द) षष्ठी, बहुवचन

V. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए–

17. पतन–पत्तन– 1
(अ) गिरना और उठना (ब) पत्ता और फूल
(स) गिरना और बन्दरगाह (द) पर्दा और किवाड़

18. मेघ–मेध – 1
(अ) बादल और कील (ब) बादल और यज्ञ
(स) काला और बुद्धि (द) बादल और चर्बी

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए– 1+1=2

19. 'वर्ण' शब्द का अर्थ नहीं है–
(अ) अक्षर (ब) रंग (स) काला (द) जाति

20. 'अंबर' शब्द का कौन–सा अर्थ नहीं है?
(अ) आकाश (ब) वस्त्र (स) आम (द) केसर

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशो के लिए एक 'शब्द' का चयन करके लिखिए–

21. जिसका चित्त एक जगह स्थिर हो– 1+1=2
(अ) एकाग्रचित (ब) विचित्र (स) कुलीन (द) एकचित

22. जो एक जगह से दूसरी जगह घूमता रहे–
(अ) गोचर (ब) अगोचर (स) यायावर (द) थलचर

(घ) निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए– 1+1=2

23. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध रूप का चयन कीजिए–
(अ) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।

PDF Hindustanknowledge.com

(ब) आज का अवकाश कृपया देने की कृपा करें।
(स) आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(द) आज का कृपया अवकाश देने की कृपा करें।

24. निम्नलिखित वाक्य में अशुद्ध रूप का चयन कीजिए–
महात्माओं का वैराग भी समय के परिवर्तन की अपेक्षा नहीं रखता।
(अ) महात्माओं का (ब) वैराग भी समय
(स) के परिवर्तन की अपेक्षा (द) नहीं रखता

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए–

25. "साजि चतुरंग सैन अंग में उमंग धारि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत है"
इन पंक्तियों में निहित रस का नाम है– 1
(अ) रौद्र (ब) अद्भुत (स) वीर (द) श्रृंगार

26. शान्त रस का स्थायी भाव है– 1
(अ) जुगुप्सा (ब) निर्वेद (स) शोक (द) विस्मय

27. "चरन धरत चिंता करत, चितवत चारिउ ओरै
सुबरन को खोजत फिरत, कवि व्यभिचारी चोर।।" 1
इन पंक्तियों में निहित अलंकार है–
(अ) उपमा (ब) यमक (स) रूपक (द) श्लेष

28. "उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उनका लगा।
मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा।।" 1
(अ) भ्रान्तिमान (ब) दृष्टान्त (स) उत्प्रेक्षा (द) सन्देह

29. "जथा पंख बिनु खग अति देना।
मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।" 1
इन पंक्तियों में निहित अलंकार है–
(अ) रोला (ब) कुण्डलियाँ (स) सोरठा (द) चौपाई

30. जिस छनद में प्रथम–तृतीय चरण में 11–11 मात्राएँ तथा द्वितीय–चतुर्थ चरण में 13–13 मात्राएँ होती है, वह कहलाता है– 1
(अ) दोहा (ब) सोरठा (स) रोला (द) चौपाई

## खण्ड 'ख'

1. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x5=10

महामहिम भगवान मधुसूदन जिस समय कल्पांत में समस्त लोकों का प्रलय, बात की बात में कर देते हैं; उस समय अपनी समधिक अनुरागवती श्री (लक्ष्मी) को धारण करके–उन्हें साथ लेकर क्षीर–सागर में अकेले ही जा विराजते हैं। दिन चढ़ आने पर महिमामलय भगवान भास्कर भी, उसी तरह एक क्षण में, सारे तारा–लोक का संहार करके, अपनी अतिशायिनी श्री (शोभा) के सहित, क्षीर–सागर ही के समान आकाश में देखिए अब वह अकेले ही मौज कर रहे हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और उसके लेखक का नाम लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) प्रस्तुत गद्यांश में लेखक ने सूर्य, उसकी आभा एवं आकाश को किसके समान चिन्हित किया है?
(iv) भगवान विष्णु लक्ष्मी जी को लेकर कहाँ विराजते हैं?



PDF.Hindustanknowledge.com

(v) गद्यांश में किस समय के सौन्दर्य का आलंकारिक वर्णन प्रस्तुत किया गया है?

2. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x5=10

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम वचन नंद–नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।। जागत–सोवत स्वप्न दिवस–निसि, कान्ह–कान्ह जकरी। सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी। सु तौ व्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ सूर तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम बताइए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) गोपियों ने श्रीकृष्ण को किसके समान प्रिय बताया है?
(iv) गोपियाँ दिन–रात जागते–सोते किसकी रट लगाती रहती हैं?
(v) उद्धव की योग–चर्चा गोपियों को किसकी तरह अरुचिकर लगती है?

3. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा अधिकतम–80) 3+2=5
(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) सरदार पूर्णसिंह (iii) डॉ० सम्पूर्णानन्द
(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिए– (शब्द सीमा अधिकतम–80) 3+2=5
(i) कबीरदास (ii) तुलसीदास (iii) महाकवि भूषण

4. 'समय' अथवा 'प्रायश्चित' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। 5

5. स्वपठित नाटक के आधार पर किसी एक खण्ड के किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– (शब्द सीमा अधिकतम–80) 5x1=5
(i) 'आन का मान' नाटक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(ii) 'कुहासा और किरण' नाटक के द्वितीय अंक की कथा का सारांश लिखिए।
(iii) 'राजमुकुट' नाटक की कथावस्तु (कथानक) को संक्षेप में लिखिए।
(iv) 'गरूड़ध्वज' नाटक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(v) 'सूत–पुत्र' नाटक के अन्तिम (चतुर्थ) अंक की कथा संक्षेप में लिखिए।

6. (क) दिए गए संस्कृत–गद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+5=7

भारतस्य स्वतन्त्रतान्दोलनस्य इदं नगरं प्रधाकेन्द्रम् आसीत्। श्रीमोतीलालनेहरू, महामना मदनमोहन–मालवीयः, आजादोपनामक– श्चन्द्रशेखरः, अन्ये च स्वतन्त्रतासङ्ग्रामसैनिकाः अस्यामेव पावनभूमौ उषित्वा आन्दोलनस्य सञ्चालनम् अकुर्वन्। राष्ट्रनायकस्य पण्डित–जवाहरलालस्य इयं क्रीडास्थली कर्मभूमिश्च।

(ख) दिए गए संस्कृत–पद्यांशो/श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+5=7

यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु। शन्नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः।।

7. 'राज्ञाम्' शब्द में प्रयुक्त विभक्ति और वचन का उल्लेख कीजिए। 1

8. किसी विद्यालय के प्रबन्धक के नाम हिन्दी प्रवक्ता पद हेतु अपनी नियुक्ति के लिए आवेदन–पत्र लिखिए। 6

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए– (i) गंगा प्रदूषण (ii) संक्रामक रोग का कारक: कोरोना वायरस
(iii) बेलगाम महँगाई (iv) मेरे प्रिय साहित्यकार



PDF Hindustanknowledge.com